भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 983

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

बिजनौर को गंगा एक्सप्रेसवे से बाहर करना

983. श्रीमती रुचि वीरा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) द्वारा विकसित किए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे के अंतिम कार्य के लिए सरकार/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या यूपीईआईडीए ने केन्द्र की सहमति के बिना बिजनौर को इस एक्सप्रेसवे से बाहर करने के लिए एकपक्षीय रूप से कोई कार्रवाई की है और यदि हां, तो ऐसी एकपक्षीय कार्रवाई के संबंध में क्या प्रस्तावित कार्रवाई किए जाने की संभावना है;

(ग) बिजनौर को इस एक्सप्रेसवे से बाहर रखे जाने के क्या कारण हैं जिससे औद्योगिक और कृषि कार्यकलापों के इस महत्वपूर्ण जिले को नुकसान हो रहा है;

(घ) क्या सरकार को यूपीईआईडीए के इस निर्णय के विरुद्ध जनप्रतिनिधियों और जनता से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) क्या सरकार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संतुलित विकास के हित में बिजनौर को तत्काल एक्सप्रेसवे मार्ग में शामिल करने के लिए यूपीईआईडीए को निदेश देगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय देश में राष्ट्रीय राजमार्गों/राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के विकास और रखरखाव के लिए के मुख्य रूप से उत्तरदायी है। गंगा एक्सप्रेसवे के संबंध में, यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है।

*****